भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
11.02.2026 के
अतारांकित प्रश्न सं. 2021 का उत्तर

चंडीगढ़ और राजस्थान के लिए रेल संपर्क

2021. श्री मनीश तिवारी:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को कटरा और अमृतसर मार्गों पर चंडीगढ़/मोहाली में सुपरफास्ट ट्रेन के ठहराव के अनुरोध के साथ-साथ राजस्थान के लिए कनेक्टिविटी बढ़ाने सहित रेल संपर्क में सुधार के संबंध में चंडीगढ़ से संसद सदस्य द्वारा भेजे गए अभ्यावेदनों की जानकारी है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या उक्त मार्गों पर बड़ी संख्या में निर्भर छात्रों, व्यवसायियों, वकीलों और श्रद्धालुओं को ध्यान में रखते हुए चंडीगढ़/मोहाली में वंदे भारत, शताब्दी, संपर्क क्रांति, राजधानी और अन्य सुपरफास्ट रेलगाड़ियों के लिए ठहराव प्रदान करने की व्यवहार्यता की जांच करने सहित इन अभ्यावेदनों पर कोई कार्रवाई शुरू की गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या सरकार रेल संख्या 22451/22452 (चंडीगढ़-बांद्रा) के दैनिक परिचालन की जनता की मांग को पूरा करने और खाटूश्याम, अजमेर, पुष्कर, बीकानेर और अन्य गंतव्यों के लिए सीधा संपर्क प्रदान करने पर विचार कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ग) वर्तमान में, चंडीगढ़ और साहिबजादा अजीत सिंह नगर (मोहाली) स्टेशन दोनों स्टेशनों से श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा 02 जोड़ी रेलगाड़ी सेवाओं द्वारा और अमृतसर 08 जोड़ी रेलगाड़ी सेवाओं द्वारा जुड़े हुए हैं जैसा कि नीचे सूचीबद्ध किया गया है:-

चंडीगढ़/साहिबजादा अजीत सिंह नगर (मोहाली) - श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा खंड:

क्र. सं.	गाड़ी सं. और नाम
1	14503/14504 कालका - श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा एक्सप्रेस
2	14609/14610 योग नगरी ऋषिकेश - श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा हेमकुंड एक्सप्रेस

चंडीगढ़/साहिबजादा अजीत सिंह नगर (मोहाली) - अमृतसर खंड:

क्र. सं.	गाड़ी सं. और नाम
1	14631/14632 देहरादून - अमृतसर एक्सप्रेस
2	18101/18102 टाटानगर - जम्मू तवी एक्सप्रेस
3	18309/18310 सम्बलपुर - जम्मू तवी एक्सप्रेस
4	12411/12412 चंडीगढ़ - अमृतसर एक्सप्रेस
5	15531/15532 सहरसा - अमृतसर जन साधारण एक्सप्रेस
6	14615/14616 लालकुआँ - अमृतसर एक्सप्रेस
7	12925/12926 बान्द्रा (टर्मिनस) - अमृतसर पश्चिम एक्सप्रेस
8	14541/14542 चंडीगढ़ - अमृतसर एक्सप्रेस

चूँकि रेल नेटवर्क राज्य सीमाओं के आर-पार फैला हुआ है, इसलिए नेटवर्क की आवश्यकतानुसार ऐसी सीमाओं के आर-पार रेलगाड़ियों का परिचालन किया जाता है।

चंडीगढ़ स्टेशन को सेवित करने वाली सभी रेलगाड़ियों का वहाँ नियत ठहराव है। वर्तमान में, चंडीगढ़, राजस्थान के प्रमुख स्टेशनों अर्थात् रींगस (खाटूश्याम जी को सेवित), अजमेर, जयपुर तथा कोटा से क्रमशः 01 जोड़ी, 05 जोड़ी, 04 जोड़ी और 03 जोड़ी रेलगाड़ी सेवाओं द्वारा जुड़ा हुआ है, जिनका विवरण निम्नानुसार सूचीबद्ध है:-

चंडीगढ़ और रींगस के बीच रेलगाड़ियां:

क्र.सं.	गाड़ी सं. और नाम
1	22451/22452 बान्द्रा टर्मिनस-चंडीगढ़ एक्सप्रेस

चंडीगढ़ और अजमेर के बीच रेलगाड़ियां:

क्र.सं.	गाड़ी सं. और नाम
1	22451/22452 बान्द्रा टर्मिनस-चंडीगढ़ एक्सप्रेस
2	20989/20990 उदयपुर सिटी - चंडीगढ़ एक्सप्रेस
3	20977/20978 अजमेर - चंडीगढ़ वंदे भारत एक्सप्रेस
4	19411/19412 गांधीनगर केपीटल - दौलतपुर चौक एक्सप्रेस
5	12983/12984 अजमेर - चंडीगढ़ गरीब रथ एक्सप्रेस

चंडीगढ़ और जयपुर के बीच रेलगाड़ियां:

क्र.सं.	गाड़ी सं. और नाम
1	20989/20990 उदयपुर सिटी - चंडीगढ़ एक्सप्रेस

2	20977/20978 अजमेर - चंडीगढ़ वंदे भारत एक्सप्रेस
3	19411/19412 गांधीनगर केपीटल - दौलतपुर चौक एक्सप्रेस
4	12983/12984 अजमेर - चंडीगढ़ गरीब रथ एक्सप्रेस

चंडीगढ़ और कोटा के बीच रेलगाड़ियां:

क्र.सं.	गाड़ी सं. और नाम
1	12449/12450 मडगांव - चंडीगढ़ गोवा संपर्क क्रांति एक्सप्रेस
2	12217/12218 तिरुवनंतपुरम नॉर्थ - चंडीगढ़ केरला संपर्क क्रांति एक्सप्रेस
3	12925/12926 बान्द्रा (टर्मिनस) - अमृतसर पश्चिम एक्सप्रेस

इसके अलावा, भारतीय रेल ने 27.09.2025 से 20989/20990 उदयपुर सिटी-चंडीगढ़ एक्सप्रेस का परिचालन प्रारम्भ किया है, जो चंडीगढ़-जयपुर-अजमेर-भीलवाड़ा-उदयपुर खंड के यात्रियों की आवश्यकताओं की पूरा कर रही है।

जहां तक 22451/22452 बान्द्रा (टर्मिनस) - चंडीगढ़ एक्सप्रेस के फेरों को बढ़ाने का संबंध है, इसके फेरों को सप्ताह में दो दिन से बढ़ाकर प्रतिदिन किया गया है और यह भी उल्लेखनीय है कि चंडीगढ़ वर्तमान में मुंबई से 04 जोड़ी रेलगाड़ी सेवाओं द्वारा जुड़ा हुआ है, जिनमें 12925/12926 बान्द्रा (टर्मिनस) - अमृतसर पश्चिम एक्सप्रेस की दैनिक सेवा भी शामिल है। चंडीगढ़ - मुंबई खंड को सेवित करने वाली रेलगाड़ियों का विवरण निम्नानुसार है:-

क्र.सं.	गाड़ी सं. और नाम
1	12925/12926 बान्द्रा (टर्मिनस) - अमृतसर पश्चिम एक्सप्रेस
2	22451/22452 बान्द्रा (टर्मिनस) - चंडीगढ़ एक्सप्रेस
3	12217/12218 तिरुवनंतपुरम नॉर्थ - चंडीगढ़ केरल संपर्क क्रांति एक्सप्रेस
4	12449/12450 मडगांव - चंडीगढ़ गोवा संपर्क क्रांति एक्सप्रेस

इसके अलावा, किसी मार्ग/रेलखंड पर नई रेलगाड़ी सेवाओं को शुरू करना/रेलगाड़ी सेवाओं के फेरों में वृद्धि करना सतत् प्रक्रिया है जो विभिन्न कारकों पर निर्भर करती है, जिनमें शामिल हैं:

- उस रेलखंड की क्षमता
- पथ की उपलब्धता
- अपेक्षित चल स्टॉक की उपलब्धता
- चल स्टॉक के लिए सुमेलित अवसंरचना की उपलब्धता
- रेलपथ और अन्य परिसंपत्तियों की अनुरक्षण आवश्यकता।

******